महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त **Accredited with 'A' Grade by NAAC**

ज्ञान शांति मैत्री

प्रो. आनन्द पाटील
कुलसचिव (कार्यवाहक)
Prof. Anand Patil
Registrar (Acting)

दूरभाष/Phone : +91-7152-230902

क्रमांक : 003/2003/का.आ./02/2025/ 89
दिनांक : 27.03.2025

परिपत्र

दिनांक 27.03.2025 को अपराह्न विभिन्न छात्रावासों के अन्त:वासियों द्वारा किये गये आन्दोलन एवम् धरना-प्रदर्शन के उपरान्त विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा उनकी निम्नलिखित माँगों को स्वीकार किया गया है :

1. मेस की नयी भोजन व्यवस्था दि. 1 अप्रैल 2025 से कोऑपरेटिव समिति के माध्यम से प्रारम्भ की जाएगी।
2. छात्रावास में निवास करने वाले सभी विद्यार्थियों के लिए मेस का उपयोग 'अनिवार्य' होगा।
3. प्रत्येक छात्रावास से प्रतिमाह चार प्रतिनिधियों का चयन छात्रावास अधीक्षक की उपस्थिति में निर्वाचन द्वारा किया जाएगा। चयनित प्रतिनिधियों का निर्णय सर्वमान्य होगा।
4. समिति प्रतिमाह परिवर्तित होगी तथा कोई भी विद्यार्थी अधिकतम दो बार लगातार इसका सदस्य रह सकेगा।
5. कम–से–कम 48 घण्टे पूर्व लिखित सूचना देकर छात्रावास से अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों की अनुपस्थिति अवधि की राशि आगामी भुगतान में समायोजित की जाएगी।
6. मासिक भुगतान दो किश्तों में करना अनिवार्य होगा—पहली किश्त प्रतिमाह 30 तारीख तक एवम् दूसरी 13 तारीख तक।
7. प्रारम्भिक प्रस्तावित मासिक शुल्क ₹2700/- प्रति विद्यार्थी रहेगा, जिसका लाभ या हानि माहान्त में सभी में समान रूप से वितरित किया जाएगा।
8. अप्रैल माह के लिए ₹1500/- की प्रथम किश्त दि. 30 मार्च तक तथा ₹1200/- की द्वितीय किश्त दि. 13 अप्रैल तक जमा करना अनिवार्य होगा।
9. उपर्युक्त व्यवस्था लागू होने तक मेस की सम्प्रति व्यवस्था स्थगित रहेगी।

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदनोपरान्त निर्गत किया जाता है।

27/03/25

(प्रो. आनन्द पाटील)

प्रतिलिपि (संज्ञानार्थ/आवश्यक कार्यवाही हेतु) :

1. कुलपति सचिवालय
2. समस्त अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष/प्रमुख एवम् निदेशक
3. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण
4. कुलानुशासक
5. मुख्य छात्रावास अधीक्षक
6. समस्त छात्रावास अधीक्षक (आवश्यक कार्रवाई हेतु)
7. वित्ताधिकारी कार्यालय
8. परीक्षा नियन्त्रक कार्यालय
9. सहायक क्षेत्रीय निदेशक (अकादमिक)
10. प्रभारी, परिसर विकास विभाग
11. प्रभारी, लीला – विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु
12. रक्षित पत्रावली

पोस्ट – हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा–442001 (महाराष्ट्र), भारत
Post Hindi Vishwavidyalaya, Gandhi Hills, Wardha-442001 (Maharashtra), INDIA
ई-मेल/E-mail: registrar@mgahv.in, वेबसाइट/**Website:** www.hindivishwa.org